आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA

आयुक्त का कार्यालय
OFFICE OF THE COMMISSIONER
केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क, अहमदाबाद उत्तर
CENTRAL GOODS & SERVICES TAX & CENTRAL EXCISE, AHMEDABAD NORTH
पहली मंजिल, कस्टम हाउस, नवरंगपुरा, अहमदाबाद – 380009
FIRST FLOOR, CUSTOM HOUSE, NAVRANGPURA, AHMEDABAD - 380009
फ़ोन/Phone : 079 - 27544599 ई-मेल/E-Mail : commr-cexamd2@nic.in फैक्स/Fax : 079-27544463

हिन्दी दिवस संदेश व अपील

आप सभी को 'हिन्दी दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं !

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर, 1949 को हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था, तब से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर का दिन हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है । तभी से यह ऐतिहासिक दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है और उस दिन से लेकर आज तक हम सरकारी कामकाज में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहे हैं ।

2. भारत विभिन्न भाषाओं का देश है और हर भाषा का अपना महत्व है, परंतु पूरे देश की एक भाषा होना अत्यंत आवश्यक है जो विश्व में भारत की पहचान बने । हिन्दी एक सरल, समृद्ध और सशक्त भाषा है । इसकी लिपि वैज्ञानिक है तथा यह जैसे लिखी जाती है, वैसे ही बोली जाती है । आज देश को एकता की डोर में बांधने का काम अगर कोई एक भाषा कर सकती है तो वो सर्वाधिक बोले जाने वाली हिन्दी भाषा ही है । विगत वर्षों में हिन्दी ने देश की सभी कम या ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं एवं बोलियों को समान आदर देते हुए उनसे आत्मिक संबंध बनाया है और राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । आज हिन्दी भाषा रेडियो, दूरदर्शन, समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं, विज्ञापनों, चल-चित्रों जैसे विभिन्न संपर्क माध्यमों और विशेष रूप से संसद जैसे महत्वपूर्ण मंच पर प्रतिष्ठा अर्जित करके अत्यंत लोकप्रिय हो चुकी है और वैश्विक मंच पर भी अपनी मजबूत पहचान बना रही है ।

3. प्रशासनिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी तथा अन्य कार्यों के साथ-साथ राजभाषा हिन्दी संबंधी नीति, नियम तथा अधिनियमों का अनुपालन व हिन्दी का प्रचार-प्रसार करना हमारा नैतिक व संवैधानिक दायित्व है । मैं आयुक्तालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु ठोस प्रयास करने का आग्रह करता हूँ ।

यह अच्छी बात है कि हमारे कार्यालय में हिन्दी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है, परंतु इसमें और प्रयास किए जाने की गुंजाइश है । यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि राजभाषा विभाग, नई दिल्ली द्वारा 'राजभाषा हिन्दी के उत्कृष्ट कार्यान्वयन' के लिए हमारे कार्यालय को दो बार क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । यह हिन्दी के प्रति आप सबकी लगन एवं सक्रियता का परिचायक है । कार्यालय में हिन्दी में काम करने के लिए अनुकूल वातावरण है। आयुक्तालय की वेबसाइट पर हिन्दी से संबंधित सभी परिपत्र, कार्यालयीन उपयोगी द्विभाषी मानक प्रपत्र, प्रशासनिक शब्दावलियाँ, हिन्दी गृह-पत्रिकाएँ इत्यादि को एक ही स्थान पर "राजभाषा कॉर्नर" में उपलब्ध करवाया गया है, जो हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने में काफी सहायक सिद्ध हो रहे है । मेरा विश्वास है कि आप सबकी इस लगनशीलता एवं सक्रियता से हमारे कार्यालय में हिन्दी का प्रयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ेगा ।

4. इस वर्ष 14 सितंबर को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर पुणे, महाराष्ट्र में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में किया जा रहा है । दिनांक 14 सितंबर, 2023 से 28 सितंबर, 2023 तक अहमदाबाद उत्तर आयुक्तालय में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है । पखवाड़े के दौरान आयुक्तालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिन्दी के प्रति रूचि जगाने तथा उन्हें अपना सरकारी कामकाज अधिक से अधिक हिन्दी में करने के लिए प्रेरित करने के प्रयोजन से विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है । आशा करता हूँ कि आप सब इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे ।

5. आइये, इस अवसर पर हम सभी अपना अधिकाधिक कार्य राजभाषा हिन्दी में करने के अपने संवैधानिक और नैतिक दायित्व का पालन करने का संकल्प लें ।

(उपेंद्र सिंह यादव)
आयुक्त

प्रतिलिपि प्रेषितः-

1. सभी अपर/संयुक्त आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर, अहमदाबाद उत्तर, अहमदाबाद |
2. सभी उप/सहायक आयुक्त, मुख्यालय/मण्डल I, II, III, IV, V, VI एवं VII मण्डल ।
3. सभी अनुभाग प्रभारी (मु), केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर, अहमदाबाद उत्तर, अहमदाबाद |
4. सूचनापट्ट / वेबसाइट ।